# हकेवि में हिंदी पखवाड़ा आयोजित

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 17-09-2025**

# हकेवि में हिंदी पखवाड़े की हुई शुरूआत, 30 सितंबर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की विधिवत शुरूआत करते हुए मंगलवार को कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने राजभाषा हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करने के लिए अपील जारी की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में अपने संबोधन में कहा कि हिंदी पखवाड़ा के आयोजन से अवश्य ही विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को हिंदी राजभाषा को करीब से जानने का अवसर मिलेगा जिससे विश्वविद्यालय में राजभाषा के कार्यान्वयन को गति मिलेगी। उन्होंने इस आयोजन के लिए राजभाषा अनुभाग, हिंदी विभाग एवं हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति व उनके सहयोगियों की सराहना की। इस अवसर पर एक सेल्फी प्वाईंट लगाकर हिंदी में अधिक से अधिक कार्यालयी कामकाज करने का अभियान भी गया। हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति की सदस्य सचिव व विश्वविद्यालय की हिंदी अधिकारी डॉ. कमलेश कुमारी ने बताया कि हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न आयोजनों का शुभारंभ हो गया है और आगामी 30 सितंबर तक विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं व कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों तथा विश्वविद्यालय के गोद लिए गाँवों के स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिससे हिंदी के प्रति प्रेम भाव व हिंदी में काम करने को प्रोत्साहन मिलेगा।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 17-09-2025**

## विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हिंदी पखवाड़ा के आयोजन से अवश्य ही विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को हिंदी राजभाषा को करीब से जानने का अवसर मिलेगा।

हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति की सदस्य सचिव व विश्वविद्यालय की हिंदी अधिकारी डॉ. कमलेश कुमारी ने बताया कि हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न आयोजनों का शुभारंभ हो गया है।

30 सितंबर तक विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं व कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय के गोद लिए गांवों के स्कूली बच्चों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 17-09-2025**

## हकेंवि में हिंदी पखवाड़े की हुई शुरूआत, 30 सितंबर तक कई प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की विधिवत शुरूआत करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने राजभाषा हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करने के लिए अपील जारी की। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे।

टंकेश्वर कुमार की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी पखवाड़ा के आयोजन से अवश्य ही विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को हिंदी राजभाषा को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। वहीं एक सेल्फी प्वाइंट लगाकर हिंदी में अधिक से अधिक कार्यालयी कामकाज करने का अभियान भी चलाया गया।

हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति की सदस्य सचिव व विश्वविद्यालय की हिंदी अधिकारी डॉ. कमलेश कुमारी ने बताया कि हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न आयोजनों का शुभारंभ हो गया है और आगामी 30 सितंबर तक विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं व कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति, राजभाषा अनुभाग व हिंदी विभाग व अन्य विभागों कार्यालयों से अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 17-09-2025**

# हकेंवि में हिंदी पखवाड़ा शुरू, 30 तक चलेंगी प्रतियोगिताएं



हकेंवि में हिंदी पखवाड़े के आयोजन को लेकर बैठक में मौजूद लोग • सौ. हकेंवि

संस, जागरण • महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में मंगलवार को हिंदी पखवाड़े का विधिवत शुभारंभ हुआ। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों से राजभाषा हिंदी में अधिक कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। कुलपति ने कार्यक्रम में कहा कि आयोजन से विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को हिंदी के उपयोग और राजभाषा के कार्यान्वयन के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर कार्यालय के कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए सेल्फी प्वाइंट भी लगाया गया। हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति की सदस्य सचिव एवं हिंदी अधिकारी डा. कमलेश कुमारी ने बताया कि पखवाड़े के अंतर्गत 30 सितंबर तक विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनके माध्यम से हिंदी के प्रति प्रेम और हिंदी में कार्य करने को प्रोत्साहन मिलेगा।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Gurgaon Today** **Date: 17-09-2025**


# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़े की हुई शुरुआत

**30 सितंबर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन।**

**सुरेंद्र चौधरी, गुड़गांव टुडे**

**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की विधिवत शुरुआत करते हुए मंगलवार को कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने राजभाषा हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करने के लिए अपील जारी की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में अपने संबोधन में कहा कि हिंदी पखवाड़ा के आयोजन से अवश्य ही विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को हिंदी राजभाषा को करीब से जानने का अवसर मिलेगा जिससे विश्वविद्यालय में राजभाषा के कार्यान्वयन को गति मिलेगी। उन्होंने इस आयोजन के लिए राजभाषा अनुभाग, हिंदी विभाग एवं हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति व उनके सहयोगियों की सराहना की। इस अवसर पर एक सेल्फी प्वाईंट लगाकर हिंदी में अधिक से अधिक कार्यालयी कामकाज करने का अभियान भी गया। हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति की सदस्य सचिव व विश्वविद्यालय की हिंदी अधिकारी डॉ. कमलेश कुमारी ने बताया कि हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न आयोजनों का शुभारंभ हो गया है और आगामी 30 सितंबर तक विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं व कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों तथा विश्वविद्यालय के गोद लिए गाँवों के स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिससे हिंदी के प्रति प्रेम भाव व हिंदी में काम करने को प्रोत्साहन मिलेगा।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Navbihar Doot Date: 17-09-2025

# हकेवि में हिंदी पखवाड़े की हुई शुरूआत

## 30 सितंबर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन



**नवबिहार दूत संवाददाता**

**महेंद्रगढ़ (हरियाणा)** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की विधिवत शुरूआत करते हुए मंगलवार को कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने राजभाषा हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करने के लिए अपील जारी की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में अपने संबोधन में कहा कि हिंदी पखवाड़ा के आयोजन से अवश्य ही विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को हिंदी राजभाषा को करीब से जानने का अवसर मिलेगा जिससे विश्वविद्यालय में राजभाषा के कार्यान्वयन को गति मिलेगी।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 17-09-2025**

# हकेंवि में हिंदी पखवाड़े की हुई शुरुआत,आयोजित होगी प्रतियोगिता

**महेंद्रगढ़,** सरोज यादव (पंजाब केसरी): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की विधिवत शुरुआत करते हुए मंगलवार को कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने राजभाषा हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करने के लिए अपील जारी की।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में अपने संबोधन में कहा कि हिंदी पखवाड़ा के आयोजन से अवश्य ही विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को हिंदी राजभाषा को करीब से जानने का अवसर मिलेगा जिससे विश्वविद्यालय में राजभाषा के कार्यान्वयन को गति मिलेगी। उन्होंने इस आयोजन के लिए राजभाषा अनुभाग, हिंदी विभाग एवं हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति व उनके सहयोगियों की सराहना की। हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति की सदस्य सचिव व विश्वविद्यालय की हिंदी अधिकारी डॉ. कमलेश कुमारी ने बताया कि हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न आयोजनों का शुभारंभ हो गया है और आगामी 30 सितंबर तक विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं होगी।

पंजाब केसरी
Wed, 17 September 2025
https://mpaper.punjabkesari.c

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

## Public Relations Office

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 30-09-2025**

# निबंध प्रतियोगिता में चित्रा ने मारी बाजी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सोमवार को हिंदी पखवाड़े का समापन हो गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हिंदी एक बहुमुखी भाषा और क्षेत्रों से प्रभावित हुई है। निबंध लेखन प्रतियोगिता में छठीं से आठवीं कक्षा वर्ग में रामावि धौली की चित्रा प्रथम, रावमावि जांट की निधि द्वितीय व रामावि धौली की तान्या तृतीय रही। नौवीं से 12वीं वर्ग में रावमावि पाली की पायल प्रथम, रावमावि जांट की स्नेहा द्वितीय व रावमावि सेहलंग की दीपांशी तृतीय रहीं। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व शोधार्थियों के आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में पारुल प्रथम, अनमोल द्वितीय व स्नेहा कुमारी तृतीय रही। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 30-09-2025**


# हकेवि में हिंदी पखवाड़े का हुआ समापन प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत



हिंदी पखवाड़ें के समापन के अवसर पर कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार के साथ शिक्षक व प्रतिभागी

**महेंद्रगढ़** | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में सोमवार को हिंदी पखवाड़ा-2025 का समापन समारोह संपन्न हुआ। यह पखवाड़ा 14 से 29 सितंबर तक विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों और गोद लिए गए गांवों के स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ चला।

समापन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी एक बहुमुखी और समृद्ध भाषा है, जिसे संरक्षित और बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने पखवाड़े के सफल आयोजन और विजेताओं को बधाई दी। सम्कुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने भी भाषण में हिंदी की सरलता, सहजता और वैश्विक महत्व को रेखांकित किया।

समारोह की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुई। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. कमलेश कुमारी ने स्वागत भाषण दिया और आयोजन में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। गोद लिए गए गांवों के स्कूलों में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छठी से आठवीं कक्षा में चित्रा (धौली) प्रथम, निधि (जांट) द्वितीय और तान्या (धौली) तृतीय स्थान पर रहीं। नौवीं से बारहवीं कक्षा में पायल (पाली) प्रथम, स्नेहा (जांट) द्वितीय और दीपांशी (सेहलंग) तृतीय स्थान पर रहीं। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में मनोविज्ञान विभाग की पारुल, अर्थशास्त्र विभाग के अनमोल और शिक्षक शिक्षा विभाग की स्नेहा कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षकों के लिए हिंदी टिप्पणी लेखन प्रतियोगिता में प्रो. राजेश कुमार गुप्ता, डॉ. पिंकी अरोड़ा और डॉ. रेणु को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। शिक्षणेतर कर्मचारियों में रामवीर गुर्जर प्रथम, पवन कुमार द्वितीय और राजेश कुमार जांगड़ा तृतीय स्थान पर रहे।

समापन कार्यक्रम में प्रो. नीलम सांगवान ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। समारोह में विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, अधिकारी, शिक्षणेतर कर्मचारी, विद्यार्थी, शोधार्थी और गोद लिए गए गांवों के शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे। मंच संचालन हिंदी के शोधार्थी योगेश ने किया।